RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 04 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 193 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## प्रदूषण से घिरी मुंबई

### बिल्डरों और ठेकेदारों को भेजे गए नोटिस...

# एक्शन मोड में बीएमसी

मुंबई। मुंबई में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) ने बिल्डरों, ठेकेदारों को धूल शमन मानदंडों का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बीएमसी ने प्राइवेट और सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में लगे 100 से ज्यादा ठेकेदारों और रियल एस्टेट कंपनियों को नोटिस भेजकर उनसे धूल शमन मानदंडों का पालन करने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा है।



मुंबई इन दिनों खराब वायु गुणवत्ता का सामना कर रही है। बीएमसी ने मुंबई के खराब वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) में सुधार करने के लिए यह नोटिस पश्चिमी मुंबई के पी नॉर्थ सिविक वार्ड, जिसमें मुख्य रूप से मलाड के उपनगर में ठेकेदारों और रियल एस्टेट कंपनियों को भेजा है।

### मुंबई में कुल 124 साइट्स पर काम जारी

पी-उत्तर वार्ड के सहायक नगर आयुक्त किरण दिघवकर ने शुक्रवार (3 नवंबर) को समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि मलाड क्षेत्र में 97 निमार्णाधीन प्राइवेट साइट्स और 27 निमार्णाधीन सरकारी परियोजनाओं जैसे सड़क, जल निकासी और पुल निर्माण जैसी कुल 124 साइट्स शामिल हैं। दिघावकर ने कहा, ''हमने सभी जिम्मेदार निकायों को धूल शमन और अन्य प्रदूषण संबंधी दिशानिदेर्शों का पालन करने के लिए नोटिस जारी किया है। ऐसा नहीं करने पर जरूरी कार्रवाई शुरू की जाएगी।'' इसके साथ ही बीएमसी ने पी-नॉर्थ वार्ड ने गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड परियोजना के ठेकेदार को भी नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्हें वायु प्रदूषण शमन दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया है।

### किाम रोकने का नोटिस जारी नहीं किया गया- अधिकारी

किरण दिघवकर ने कहा कि बीएमसी ने अभी तक निर्माण कार्य में लगी संस्थाओं को काम रोकने का नोटिस जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी को पत्र भेजे गए हैं कि जब तक बिल्डर और ठेकेदार स्प्रिंकलर और फॉगिंग मशीनें नहीं लगा लेते तब तक वे वायु प्रदूषण के खिलाफ बुनियादी उपायों का पालन करें।

### नर्माण स्थलों पर स्प्रिंकलर और फॉगिंग मशीनें लगाएं

पिछले हफ्ते, बीएमसी ने मुंबई में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए नया दिशा निर्देश जारी किया था। नोटिस में बिल्डरों और ठेकेदारों को निर्माण स्थलों पर स्प्रिंकलर और फॉगिंग मशीनें लगाने के लिए एक महीने का समय दिया गया था।

## दिवाली त्यौहार पर मेट्रो ट्रेन की समय सीमा बढ़ाया जाए

# रात 10 के बजाय 12 बजे तक चलाया जाए मेट्रो

### मंत्री लोढ़ा ने एमएमआरडीए आयुक्त को पत्र लिखकर की मांग...

**मुंबई :** दिवाली त्योहार को देखते हुए 11 से 15 नवंबर तक मेट्रो ट्रेन की समय सीमा रात्रि 10 बजे से बढ़ाकर रात 12 बजे तक कर दिया जाए. कैबिनेट और मुंबई उपनगर के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने एमएमआरडीए आयुक्त संजय मुखर्जी को पत्र लिखकर यह मांग की है.अपने लिखे गए पत्र में मंत्री लोढ़ा ने कहा है कि मुंबई की लाइफ लाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन उपनगरीय रेलवे डिवीजन के रेलवे ट्रैक पर काम चल रहा है जिसके कारण 26 अक्टूबर 5 नवंबर 2023 तक सैकड़ो ट्रेन को रद्द कर दिया गया है.इतनी बड़ी संख्या में लोकल ट्रेन रद्द होने के कारण मुंबईकरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.मुंबई उपनगरों में मेट्रो यात्रियों की संख्या



बढ़ गई है। जिसे देखते हुए आगामी दिवाली के अवसर पर,11 नवंबर 2023 से 15 नवंबर 2023 की अवधि के दौरान यात्रियों की संख्या में और वृद्धि हो सकती है,मुंबईकरों की यात्रा को ध्यान रखते हुए मेट्रो ट्रेन यात्रा का समय रात्रि 10 बजे से बढ़ाकर रात्रि 12 बजे तक किया जाना चाहिए। मंत्री लोढ़ा ने पत्र में लिखा की नवरात्रि उत्सव के दौरान मेट्रो की संख्या में वृद्धि की थी और इससे नागरिकों को बहुत फायदा हुआ था।

## टास्क पूरा करने के बहाने महिला ने की ठगी !




**ठाणे :** वर्तकनगर इलाके में रहने वाली 26 साल की एक महिला को एन पी डिजिटल कंपनी के एचआर बताकर वर्क फ्राम होम का लालच देकर टास्क पूरा करने के बहाने 8 लाख 68 हजार रुपये की ठगी कर ली है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। 26 वर्षीय महिला एरोमैटिक कंपनी दोस्ती पिनाकल, वागले इस्टेट में करती है। 7 सितंबर 2023 को दोपहर करीब 12 बजे उसके मोबाईल पर अज्ञात महिला ने वाट्स एप्प फोन किया ।

## महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पहुंचे उत्तराखंड, पत्नी संग बदरीनाथ-केदारनाथ के किए दर्शन

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को पत्नी रश्मि ठाकरे के साथ भगवान केदारनाथ व बदरीनाथ के दर्शन किए। भोले बाबा की पूजा-अर्चना एवं दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान बदरी-केदार मंदिर समिति के अधिकारियों ने उनका स्वागत कर उन्हें प्रसाद भेंट किया। इसके बाद वह बदरीनाथ के लिए रवाना हुए। यहां बदरी केदार मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे व उनकी पत्नी का स्वागत कर अंग वस्त्र भेंट किए। उन्होंने पूजा अर्चना कर देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की।



चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय ने भी सपरिवार पहले केदारनाथ व उसके बाद भगवान बदरीविशाल के दर्शन किए। वहीं, भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने भी बाबा केदार व बदरी विशाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। तिरूपति तिरूमला देवस्थानम बोर्ड के सदस्य सौरभ बोरा तथा त्र्यंबकेश्वर मंदिर ट्रस्टी कैलाश घुले भी बीते गुरुवार को केदारनाथ व बदरीनाथ धाम पहुंचे और दर्शन किए। बदरी-केदार मंदिर समिति के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत कर उन्हें प्रसाद भेंट किया।

## महाराष्ट्र में बार, रेस्टोरेंट में बैठकर शराब पीना होगा सस्ता !

# सरकार लेने वाली है बड़ा फैसला

**मुंबई :** बार, रेस्टोरेंट और क्लब जैसी जगहों पर बैठकर जाम छलकाने का शौक रखने वालों के लिए अच्छी खबर है। आगामी दिनों में यहां शराब पीना सस्ता हो सकता है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने महाराष्ट्र सरकार से राज्यभर में बार और रेस्टोरेंट में परोसी जाने वाली शराब पर वैट (मूल्य वर्धित कर) में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी को वापस लेने का आग्रह किया है। राज्य सरकार वैट घटाने की मांग पर विचार करने के लिए राजी हो गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र के उत्पाद शुल्क मंत्री शंभूराज देसाई ने गुरुवार को होटल व्यवसायियों



के संगठन 'आहार' को आश्वासन दिया कि शराब पर पांच प्रतिशत वैट वृद्धि को लेकर संबंधित मंत्रालय के साथ बैठक की जायेगी. इस संबंध में 'आहार' के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मंत्री शंभूराज देसाई से मुलाकात की। रिपोर्ट्स के अनुसार, महाराष्ट्र में करीब 18 हजार बार हैं, जिनसे पांच लाख लोगों को रोजगार मिला हैं। राज्य की 33 करोड़ लीटर की वार्षिक बीयर बिक्री में बार की हिस्सेदारी आधी है। जबकि 28 करोड़ लीटर भारतीय शराब की वार्षिक बिक्री में लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी बार की है। इसीलिए 1 नवंबर से शराब पर पांच फीसदी वैट बढ़ाने के फैसले से पूरी इंडस्ट्री प्रभावित हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने दावा किया कि वैट बढ़ने से न केवल होटल और बार मालिकों को नुकसान हो रहा है, बल्कि सरकार का राजस्व भी घटने की आशंका है। इस पर शंभूराज देसाई ने अगले कुछ दिनों में वित्त मंत्रालय के साथ संयुक्त बैठक करने का आश्वासन दिया।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### असहमति नोट पर आम सहमति क्यों नहीं बन सकी

बिहार सरकार की ओर से जातिगत सर्वे के आंकड़े सार्वजनिक किए जाने के बाद देश की राजनीति सामाजिक न्याय के मुद्दे पर आकर टिक गई है, क्योंकि अगले वर्ष लोकसभा चुनाव होने हैं। जातिगत सर्वे के आंकड़ों ने बिहार की राजनीति में आनुपातिक आरक्षण की मांग को बल दिया है। अभी इन आंकड़ों के आधार पर ज्यादा कुछ कहना ठीक नहीं, लेकिन यह तय है कि देश की नजर अत्यंत पिछड़े समूहों पर आकर टिक गई है, क्योंकि बिहार में हुए सर्वे के लिहाज से राज्य में सबसे बड़ी आबादी अत्यंत पिछड़े वर्ग की है। यह कुल आबादी के 36 प्रतिशत से अधिक है। इससे बिहार की सामाजिक बनावट की स्थिति का तो पता चल रहा है, लेकिन शेष देश में अति पिछड़ों की सामाजिक स्थिति कैसी है, यह भी पता चलना चाहिए। इसी कारण नीतीश कुमार ने जातिगत जनगणना के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। अति पिछड़ा वर्ग सबसे अधिक गरीब है। इस वर्ग में अधिकांश जातियों के लोग विभिन्न कुटीर उद्योगों, सेवाओं, दस्तकारी, बागवानी करने, मछली पकड़ने, मिट्टी के बर्तन बनाने, बर्तन साफ करने, मालिश करने और बाल काटने आदि कार्यों से जुड़े हुए हैं। वैश्वीकरण के बाद इनकी स्थिति और भी खराब हो गई है। इन जातियों की गरीबी का कारण शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी है।

43 वर्ष पहले जब मंडल आयोग की रिपोर्ट आई थी तो इस आयोग के एकमात्र दलित सदस्य एलआर नाइक ने सिफारिशों पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय आयोग के अध्यक्ष बीपी मंडल ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर बताया था कि नाइक के असहमति नोट पर आम सहमति क्यों नहीं बन सकी। यह असहमति नोट रिपोर्ट के शुरूआती भाग का हिस्सा है। जब वीपी सिंह ने मंडल रिपोर्ट को लागू किया तब भी उसके पहले पन्ने को अनदेखा कर दिया गया, जिसमें नाइक के असहमति नोट का जिक्र था।

यदि कांग्रेस ने इस असहमति नोट पर ठीक से बहस की होती तो शायद मोदी सरकार को जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन नहीं करना पड़ता और राहुल गांधी को 'जिसकी जितनी आबादी, उसका उतना हक' का नारा नहीं देना पड़ता। नाइक ने असहमति नोट में लिखा था कि ओबीसी दो बड़े सामाजिक समूहों से बना वर्ग है। एक जमींदार ओबीसी, जिसे मध्यवर्ती पिछड़ा वर्ग बताया और दूसरा कारीगर ओबीसी, जिसे दलित पिछड़ा वर्ग बताया गया। नाइक का मानना था कि ओबीसी के अंदर एक कृषक वर्ग है और दूसरा वर्ग उन जातियों का है, जो कारीगरी, बागवानी आदि कर जीवन-यापन करती हैं। ये जातियां मुख्यतः भूमिहीन हैं। मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने से किसान जातियां तो समृद्ध हुईं, पर भूमिहीन जातियों की स्थिति में खास बदलाव नहीं आया। इसे देखते हुए 12 राज्यों ने ओबीसी आरक्षण को दो या दो से अधिक भागों में बांटने का काम किया। बिहार में कपूरी ठाकुर ने 1977-78 में मुंगेरी लाल कमीशन की रिपोर्ट लागू कर आरक्षण को दो भागों में बांटने का काम किया। आरक्षण के वर्गीकरण के कारण ही बिहार और तमिलनाडु में अत्यंत पिछड़ी जातियों की राजनीतिक और शैक्षणिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव देखा गया। अति पिछड़ी जातियां भूमिहीन होने के साथ सामाजिक-शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से बेहद कमजोर हैं। इसके चलते उन्हें आरक्षण का उचित लाभ नहीं मिल पाता।

ओबीसी को एक वर्ग के रूप में देखने के बजाय उसे उसकी विविधता में देखने की जरूरत है, क्योंकि ओबीसी सैकड़ों जातियों को मिलाकर बना एक वर्ग है। एलआर नाइक के अनुसार मध्यवर्ती पिछड़ा वर्ग या उच्च ओबीसी अपेक्षाकृत संपन्न है, जबकि आर्थिक एवं सामाजिक रूप से अति पिछड़ी जातियां हाशिए पर हैं। नाइक ने अत्यंत पिछड़ी जातियों के हितों की रक्षा के लिए आरक्षण को दो भागों में विभाजित करने का सुझाव दिया था। उन्हें डर था कि उच्च ओबीसी आरक्षण पर एकाधिकार कर लेगा। ठीक ऐसी ही सिफारिश छेदी लाल साथी आयोग ने भी की थी।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# एकनाथ खडसे का बड़ा ऐलान, टिकट मिला तो रावेर से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव



**महाराष्ट्र :** लोकसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में सियासी हलचलें तेज हो रही है। एनसीपी के वरिष्ठ नेता एकनाथ खडसे ने इच्छा जताई है कि अगर उन्हें एनसीपी पार्टी से टिकट मिलता है तो वह रावेर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। जानकारी के लिए आपको बता दें कि वर्तमान में रक्षा खडसे रावेर लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी की सांसद हैं। इसलिए आने वाले चुनाव में रक्षा खडसे और एकनाथ खडसे के बीच मुकाबला देखने को मिल सकता है। ऐसे में अब यह देखना होगा कि क्या अब आने वाले लोकसभा चुनाव में ठउढ की ओर से एकनाथ खडसे टिकट मिलता है या नहीं। बता दें कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटें जीतने के लिए राजनीतिक दलों ने मजबूत तैयारी शुरू कर दी है और उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग कर ली है।ऐसे में अब संभावना जताई जा रही है कि एनसीपी एकनाथ खडसे को रावेर सीट से लोकसभा के मैदान में उतार सकती है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि हाल ही में राष्ट्रवादी पार्टी के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने जलगांव का दौरा किया था। इस अवसर पर बोलते हुए, जयंत पाटिल ने इच्छा व्यक्त की कि खडसे को रावेर लोकसभा चुनाव में आगे आना चाहिए। इस बीच एकनाथ खडसे ने भी जयंत पाटिल की इच्छा का समर्थन किया है। एकनाथ खडसे ने कहा कि मैं लोकसभा लड़ने के लिए बहुत उत्सुक नहीं हूं, लेकिन, अगर पार्टी जिम्मेदारी सौंपेगी तो मैं उस जिम्मेदारी को निभाऊंगा।

दरअसल रावेर लोकसभा क्षेत्र में अब तक कांग्रेस और बीजेपी एक दूसरे से भिड़ते रहे हैं। 1989 में इस लोकसभा क्षेत्र के निर्माण के बाद से रावेर में उप-चुनाव सहित कुल 10 चुनाव हुए हैं। इन 10 चुनावों में से नौ में कांग्रेस हार गई है, अब यह देखना होगा कि क्या इस बार कांग्रेस वहां अपना इतिहास बदल पायेगी। कांग्रेस सिर्फ एक चुनाव जीत सकी। इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा सिर्फ 13 महीने तक रहा। इसलिए एनसीपी ने सुझाव दिया है कि कांग्रेस को अब यह जगह बदल लेनी चाहिए और हमें यह सीट दे देनी चाहिए। इंडिया अलायंस की बैठक में इस बारे में फैसला होना बाकी है। अगर कोई निर्णय होगा तो वह या तो कांग्रेस होगी या फिर एनसीपी। ऐसे में अब यह देखना दिलचस्प होगा।

## दरगाह पहुंचने से पहले आरोपी गिरफ्तार, मुंबई में चोरी कर भागे थे पुणे



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने दो आरोपियों को घरों में घुसकर चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी को उसके चाल ढाल से गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे आरोपी को दरगाह में पहुंचने से पहले से पहले गिरफ्तार किया है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस उसके बच्चे के जरिये पुणे पहुंची और फिर गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वाकोला इलाके में आशीष सिंह नामक व्यक्ति के घर आरोपियों ने चोरी की थी। चोरी के बाद ऑटो में समान डालकर फरार हो गया था। लेकिन पुलिस ने पूरे मामले की जांच की और फिर सीसीटीवी के माध्यम से जांच करते हुए पुलिस आरोपी तक पहुंच गई। आरोपी को पहचानने के लिए पुलिस ने पहले आरोपी के चाल ढाल पर ध्यान दिया। इसके बाद उससे जुड़े हुए आरोपी को ढूंढा गया। पुलिस की टीम बैगनवाड़ी पहुंची जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मोहम्मद कलंदर शेख उर्फ माचिस (29) और अब्दुल जमीर पठाण उर्फ पापू उर्फ टाकल्या (39) है। सीनियर इंस्पेक्टर प्रकाश खांडगे के नेतृत्व में पुलिस उप निरीक्षक केंगार और मसणे, वाघमारे , बांबेरे, यादव और लोणे ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

दरअसल आरोपी चोरी करते थे लेकिन मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते थे। चोरी के बाद छिपने के बाद भी आरोपी मोबाइल नहीं इस्तेमाल करते थे। आरोपियों पर कई मामले दर्ज हैं इसलिए उन्हें पता है कि पुलिस उनलोगों को ढूंढती रहती है। इसलिए आरोपी मोबाइल का भी इस्तेमाल नहीं करते थे। लेकिन पुलिस ने उस आरोपी को ढूंढ निकाला। दरअसल बैगनवाड़ी से आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद दूसरे आरोपी टकल्या की जानकारी मिली। लेकिन वह मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करता था। उसे पकड़ने के लिए पुलिस ने अपने नेटवर्क से उसके बेटे का मोबाइल निकाला। जिसे ट्रैक करने पर पता चला कि वह मोबाइल इस्तेमाल करनेवाला युवक पुणे की तरफ जा रहा है। तभी पुलिस की टीम ने बेटे का मोबाइल ट्रेस किया और दरगाह पर पहुंचने से पहले ही आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। वह एक लॉज में रुका हुआ था।

## रायगढ़ में एक हेल्थ केयर कंपनी में हुआ भीषण विस्फोट, 4 की हुई मौत; कई घायल



**रायगढ़:** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में आज एक बड़ा धमाका हो गया है। ये धमाका महाड़ एमआईडीसी के ब्लू जेट हेल्थ केयर कंपनी में आज सुबह हुआ है। इस धमाके में कई लोगों के मारे जाने की खबर मिल रही है। धमाका इतना तेज थी कि आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी है, जिससे आस-पास के रहने वाले और कंपनी के मजदूरों में भगदड़ मच गई। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो गई है।

दरअसल, रायगढ़ जिले के महाड़ एमआईडीसी की ब्लू जेट हेल्थ केयर कंपनी में एक धमाका हो गया है। धमाका इतना भयानक था कि 4 लोगों की मौत हो गई है और 5 लोग घायल हो गए हैं। वहीं, 15 से 16 लोग अभी-भी लापता बताए जा रहे हैं। कंपनी में अभी भी गैस लीक हो रही है। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई है और बचाव कार्य में जुटी हुई है। इस दौरान कोई अन्य घायल न हो इसके लिए पुलिस ने किसी को भी आगे जाने की मना कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, सुबह के समय में कंपनी में 250 से 300 मजदूर काम कर रहे थे जैसे ही ब्लास्ट हुआ आनन-फानन में पुलिस और फायर ब्रिगेड की 5 से 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची और अगल-बगल की सभी कंपनी में काम करने वाले लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने सभी को वहां से हटा दिया अभी भी आग और गैस लीक रोकने का काम तेजी से चल रहा है।

## कुर्ला पूर्व मे शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर के हाथों श्री निळकंठेश्वर मंदिर उदघाहटन संपन्न



**मुंबई (मुंबई प्रतिनिधि)** कुर्ला-पूर्व नेहरू नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मे आज दोपहर दो बजे के दौरान राज्य के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर के हाथों श्री निळकंठेश्वर मंदिर उदघाहटन संपन्न हुआ !उल्लेखनीय तौर पर निर्वाचन क्षेत्र की जनता से शिवसेना शिंदे गुट विधायक मंगेश कुंडलकर ने किया हुआ वायदा आज पुरा किया ! गौरतलब हो की स्थानीय विधायक मंगेश कुंडलकर के अथक प्रयासों के कारण मंदीर उदघाहटन समाराहो संपन्न हुआ ! जिसमें स्थानीय जनता ने बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने मे योगदान दिया !कार्यक्रम के अथक प्रयासों से संपन्न हुआ है ! उपरोक्त अवसर पर जय कुडाळकर , शिवसेना युवा विभागप्रमुख , रोहन पाटील शाखाप्रमुख , सर्व पदाधिकारी व शिवसैनिक उपस्थित थे !




# सस्ते में सोना दिलाने का झांसा, नवी मुंबई के शख्स से 1.05 करोड़ रुपये की ठगी

**ठाणे :** सस्ती दर पर सोने के सिक्के दिलाने का वादा कर दो लोगों ने नवी मुंबई के एक व्यक्ति से कथित तौर पर 1.05 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि नीरज खंडागले और नीतू कदम नाम के आरोपियों ने शिकायतकर्ता से संपर्क किया और उसे बताया कि गोवा में सोने के सिक्कों से भरा एक बर्तन मिला है



तथा यह सस्ती दर पर बिक्री के लिए उपलब्ध है।

अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने मार्च 2022 और जुलाई 2023 के बीच कई किस्तों में आरोपियों को 1.05 करोड़ रुपये का भुगतान किया। उन्होंने बताया कि पूरा भुगतान करने के बावजूद शिकायतकर्ता को सोना नहीं मिला। अधिकारी ने बताया कि पनवेल पुलिस ने बृहस्पतिवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है।

# विरार पुलिस के हत्थे चढ़े लूट के आरोपी

**विरार :** विरार पुलिस स्टेशन ने धोखाधड़ी की एक बड़ी गुत्थी सुलझाने में सफलता पाई है। दरअसल, बोलबच्चन कर सोने की चेन व पैसे निकालने वाले दो महाठग को गिरफ्तार किया है तथा इनकी गिरफ्तारी से 5 और मामले का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों पर अलग-अलग थाने में धोखाधड़ी के कई अपराध दर्ज है। यह कार्रवाई डीसीपी सुहास बावचे व एसीपी रामचंद्र देशमुख के मार्गदर्शन के विरार थाने के सीनियर पी.आई. राजेन्द्र कांबले, अपराध पी. आई. अभिजीत मड़के के नेतृत्व में ए.पी आई. (अपराध जांच शाखा) ज्ञानेश्वर फड़तरे की टीम ने की है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित नरेश दत्तु पाटील 29 सितंबर को जब वे सड़क के किनारे चल रहे थे, दो अज्ञात व्यक्तियों में से एक ने पीड़ित की कलाई पकड़ ली और पूछा, 'क्या तुम मुझे नहीं जानते? ?'यह कहकर उसने पीड़ित को बातों में उलझा लिया और उसके गले से 20 ग्राम वजनी सोने की



चेन और पैंट की जेब से 4000 रुपए नकद निकाल लिए, पीड़ित को धोखा देकर फरार हो गए। पीड़ित ने विरार थाने में एफआईआर दर्ज करवाया था। पुलिस ने बताया कि सभी अपराधों की जांच के संबंध में, अपराध जांच शाखा के अधिकारी और कर्मचारी ने अपराध स्थल के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में आरोपी विजय तांबे को ऐसा करते हुए पाया गया. अपराध जांच शाखा की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी विजय दत्ताराम तांबे व अजय अशोक सावंत को जाल बिछाकर उसे हिरासत में लेकर उक्त अपराध में गिरफ्तार कर लिया।

# सरोगेसी के लिए नहीं यूज कर सकते डोनर्स का स्पर्म और एग्स...

## जानें केंद्र का बॉम्बे हाई कोर्ट में क्या हलफनामा

**मुंबई :** क्या डोनर्स के शुक्राणु और एग्स का सरोगेसी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता? इसका जवाब है नहीं। यह बात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बॉम्बे हाई कोर्ट के समक्ष दायर एक हलफनामे में कही है। इसमें कहा गया है कि डोनर्स के एग्स और स्पर्म को सरोगेसी के लिए यूज नहीं किया जा सकता है क्योंकि इस बात की 'संभावना' है कि इस तरह से पैदा हुए बच्चों का माता-पिता का बच्चे के साथ 'मजबूत भावनात्मक बंधन' नहीं होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने डोनर्स गेमेट्स का उपयोग करने की अनुमति मांगने वाली याचिका को भी खारिज करने का अनुरोध किया। मंत्रालय ने कहा कि नए सरोगेसी नियम केवल सरोगेसी के लिए सेल्फ



गेमेट की अनुमति देते हैं। हलफनामे में कहा गया है कि राष्ट्रीय बोर्ड के एक विशेषज्ञ निकाय का विचार था कि ध्यान बच्चे के सर्वोत्तम हित पर होना चाहिए। हलफनामे में कहा गया है कि स्व-युग्मकों के बजाय 'दाता युग्मकों'से पैदा हुए बच्चे को ऐसे माता-पिता अस्वीकार कर सकते हैं या उनकी देखभाल नहीं की जा सकती है जो जैविक रूप से संबंधित नहीं हैं। लगभग एक दशक से विवाहित

### इसलिए लगाई गई रोक

भारत ने 2021 का सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम पारित किया क्योंकि देश अनैतिक प्रथाओं, सरोगेट माताओं के शोषण, सरोगेसी से पैदा हुए बच्चों के परित्याग और मानव युग्मकों और भ्रूणों के आयात की रिपोर्टों के साथ एक अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी केंद्र के रूप में उभरा। केंद्रीय मंत्रालय ने यह भी कहा कि सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम स्पष्ट रूप से निर्धारित करता है कि सरोगेट मां को सरोगेसी से पैदा हुए बच्चे से आनुवंशिक रूप से संबंधित नहीं होना चाहिए।

नवी मुंबई के एक दंपति ने स्वास्थ्य मंत्रालय की मार्च की अधिसूचना को चुनौती दी, जिसमें सरोगेसी से गुजरने के इच्छुक जोड़ों के लिए दाता युग्मक पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। एकल माताएं भी दाता अंडों का उपयोग नहीं कर सकतीं। माता-पिता बनने के रास्ते में समस्याओं का सामना करने वाले याचिकाकताओं ने कहा, 'डोनर्स, एग्स पर इस तरह का पूर्ण प्रतिबंध नहीं हो सकता है क्योंकि चिकित्सा कारणों और आवश्यकताओं के लिए डोनर्स की आवश्यकता हो सकती है। महिला एक दुर्लभ आनुवंशिक स्थिति से पीड़ित थी और इसलिए डोनर्स के एग्स चाहती थी।

### हलफनामे में केंद्रीय मंत्रालय ने क्या कहा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग में अवर सचिव संजीव सिंह के हलफनामे में कहा गया है कि अगर माता-पिता, जिन्होंने एक गैमेट दान किया है, जीवित नहीं रहते हैं या दंपति अलग हो जाते हैं, तो स्थिति हानिकारक होगी। सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (विनियमन) अधिनियम 2021 ए. आर. टी. क्लीनिकों को विनियमित और पर्यवेक्षण करता है और दुरुपयोग की जांच करने और सुरक्षित, नैतिक ए. आर. टी. अभ्यास को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। हलफनामे में ऐसी प्रथाओं का उल्लेख किया गया है जैसे कि जब कोई भावी माता-पिता बांझपन, बीमारी या सामाजिक और चिकित्सा चिंताओं के कारण भविष्य में उपयोग के लिए फ्रीजिंग गेमेट (एग्स और स्पर्म) भ्रूण, भ्रूण ऊतकों पर भरोसा करने का इरादा रखता है।

# रायगढ़ में दवा कंपनी में लगी आग, 5 लोग घायल



**मुंबई :** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शुक्रवार को एक दवा कंपनी में आग लगने और इसके बाद विस्फोट होने की घटना में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि महाड एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित कंपनी में आग सुबह करीब साढ़े 10 बजे लगी जिसके बाद परिसर में रखे रसायन से भरे ड्रमों में विस्फोट हो गया। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त फैक्टरी के अंदर कर्मी मौजूद थे। इनमें से पांच गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस और दमकल के वाहन घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने के साथ ही बचाव कार्य शुरू किया, जो अब भी जारी है। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है।

# पत्नी झगड़कर मायके आई तो दामाद ने सास को किया किडनैप...

## ठाणे पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कल्याण:** पति के साथ लगातार झगड़ों से तंग आकर पत्नी गुस्से में अपनी बेटी के साथ घर छोड़कर कल्याण स्थित मायके चली आई। पत्नी कल्याण पूर्व में रहती है। दो दिन बाद पति अपने दोस्त के साथ पत्नी और बच्चे को वापस ले जाने के लिए अपनी सास के घर पहुंचा। जब सास ने बेटी को ससुराल भेजने से इनकार कर दिया तो दमाद ने झूठ बोलकर सास का अपहरण कर लिया। आरोप है कि दामाद ने सास को तलोजा ले जाकर एक घर में बंद कर दिया और बेरहमी से पीटा। मानपाडा पुलिस ने सास को दामाद के चंगुल से छुड़ाकर आरोपी और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। भावेश माधवी तलोजा के पास एक गांव में रहता है। उसकी शादी कल्याण पूर्व में रहने वाली दीक्षिता खोकरे से हुई है। उसका एक बेटा भी है। दीक्षिता और उसके पति भावेश के बीच कुछ महीनों से पारिवारिक मुद्दों पर झगड़ा चल रहा था। लड़ाई-झगड़े से तंग आकर




दीक्षिता अपनी मां के घर कल्याण आ गई।

**धमकाने का लगा आरोप**

भावेश और उसका दोस्त सूरज म्हात्रे दीक्षिता और बच्चे को वापस अपने घर ले जाने के लिए कल्याण पूर्व के अमरदीप कॉलोनी आए। यहां भावेश ने गुस्से में पूछा कि उसकी पत्नी कहां है और उसने बच्चे को किसे बेचा है। इस पर भावेश की सास ने अपनी बेटी को वापस ससुराल भेजने से यह कहकर इनकार कर दिया कि कि तुमने मेरी बेटी के साथ बुरा किया है। इस पर भावेश ने सास दीपाली को चाकू दिखाकर धमकाया। उसने कहा कि हम तुम्हें अभी पुलिस स्टेशन ले चलेंगे। भावेश और सूरज ने थाने ले जाने का झांसा देकर सास को जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठा लिया और तलोजा स्थित अपने घर ले गया। आरोप है कि वहां उसने अपनी सास को लोहे की रॉड और कैंची से पीटा।

पुलिस ने सास को छुड़ाया

इधर दीक्षिता अपनी मां को ढूंढ रही थी। तभी उसके पति भावेश का फोन आया कि मां मेरे कब्जे में है। उसने कहा कि तुम बच्चे को मुझे सौंप दो। दीक्षिता ने यह बात परिवार को बताई। परिजन मानपाडा पुलिस के साथ तलोजा पहुंचे। वहां दीपाली घायल अवस्था में मिली। पुलिस ने भावेश के कब्जे से सास दीपाली को छुड़ा लिया। साथ ही पुलिस ने भावेश और सूरज को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ मानपाडा पुलिस स्टेशन में अपहरण और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच पुलिस इंस्पेक्टर ज्ञानोबा सूर्यवंशी कर रहे हैं।

# संजय राउत ने की मांग

## 'सरकार हमेशा आश्वाशन देती है, संविधान में संशोधन कर दिया जाए आरक्षण',

**मुंबई :** मनोज जरांगे पाटिल को केवल आश्वासन दिया गया है. संविधान में संशोधन कर मराठा को आरक्षण दिया जाये. देखिये सरकार हमेशा आश्वाशन देती है. अन्ना आंदोलन के समय भी केवल सरकार आश्वाशन देती थी. मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मराठा आरक्षण को लेकर नौ दिन से जारी अपना अनिश्चितकालीन अनशन गुरूवार को समाप्त कर दिया है, लेकिन समुदाय को आरक्षण का लाभ देने पर दो महीने में कोई कदम नहीं उठाये जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है. जरांगे ने कहा कि यदि दो महीने के भीतर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो वह मुंबई तक एक विशाल मार्च का नेतृत्व करेंगे. उन्होंने कहा, ''तब मुंबई के लोगों को सब्जियां तक नहीं मिल सकेंगी.''जरांगे ने जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव स्थित अपने अनशन स्थल पर यह घोषणा तब की जब राज्य के चार मंत्रियों ने उनसे मुलाकात कर अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया. बाद में मुंबई में पत्रकारों से



बात करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अनशन समाप्त करने के लिए जरांगे को धन्यवाद दिया.

जरांगे ने कहा, '''मैंने अपना अनशन समाप्त किया है, लेकिन मराठा आरक्षण आंदोलन जारी है. क्रमिक अनशन भी जारी रहेगा. ''जरांगे ने सरकार से 24 दिसंबर तक निर्णय लेने को कहा. इस मौके पर उपस्थित मंत्रियों ने उनसे इस समयसीमा दो जनवरी तक बढ़ाने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माने. बम्बई उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों न्यायमूर्ति सुनील शुक्रे, न्यायमूर्ति एम जी गायकवाड़ और कुछ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी जरांगे से मुलाकात की. जरांगे ने पूरे महाराष्ट्र में मराठों के लिए आरक्षण की अपनी मांग दोहरायी.




# खुले में कचरा फेंकने वाले सोसायटियों पर मनपा करेगी कार्रवाई...



**नवी मुंबई :** खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश नवी मुंबई महानगरपालिका आयुक्त राजेश नार्वेकर ने महानगरपालिका के सभी विभाग अधिकारियों को दिया है। जिस पर अमल करते हुए विभाग कार्यालय ने सोसाटियों को नोटिस भेजकर खुले में कचरा फेंकने वालों रोक लगाने के लिए कहा है। वहीं खुले में कचरा फेंकने वालों से 250 रुपए का दंड वसूलना शुरू किया है।

गौरतलब है कि स्वच्छता के मामले में नवी मुंबई महानगरपालिका को देश में नंबर वन बनाने के लिए महानगरपालिका प्रशासन द्वारा तरह-तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। इसमें सफलता भी मिल रही है। इसी के चलते विगत सात साल के दौरान नवी मुंबई महानगरपालिका को राष्ट्रीय स्तर पर कई रेटिंग मिली हैं। स्वच्छता के मामले में नवी मुंबई को नंबर वन बनाने के लिए महानगरपालिका के माध्यम से हाउसिंग सोसायटी, अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के बड़े परिसरों, शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक समूहों को गीले-सुखे कचरे को अलग-अलग फेंकने के लिए हरे और नीले डिब्बे उपलब्ध कराए हैं। सोसायटी में उत्पन्न होने वाले कचरे को सोसायटी के कूड़ेदान में जमा करना अनिवार्य है।

# जरांगे के भूख हड़ताल खत्म करने के बाद एक्शन मोड में प्रशासन

## सीएम शिंदे ने बुलाई जिला कलेक्टरों की बैठक



**मुंबई :** मनोज जरांगे ने मराठा आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू किया था. अब जरांगे ने अपना अनशन खत्म कर दिया है. इसके बाद प्रशासन भी एक्शन मोड में नजर आ रहा है. सीएम एकनाथ शिंदे ने सभी जिला कलेक्टरों की एक बैठक बुलाई है. इस बैठक में मराठा आरक्षण के लिए नियुक्त शिंदे समिति के कामकाज की भी समीक्षा की जाएगी. इसके साथ-साथ जिला कलेक्टर से भी समन्वय किया जायेगा. महाराष्ट्र में कुनबी जाति प्रमाणपत्र वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सीएम शिंदे ने यह बैठक बुलाई है.

**मनोज जरांगे ने की ये मांग**

सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने अंतरवली सराती जाकर मनोज जरांगे से मुलाकात की थी. इसके बाद जरांगे ने कुछ शर्तों के साथ अपनी भूख हड़ताल छोड़ दी. लेकिन सीएम शिंदे की टेंशन यहीं खत्म नहीं हुई. इसके बाद जरांगे ने राज्य सरकार को दो महीने के अंदर ये मुद्दा सुलझाने के का समय दिया है. ये भी कहा है कि अगर समय से ये मुद्दा नहीं सुलझा तो वे बड़े आंदोलन का नेतृत्व करेंगे. मनोज जारांगे की ये मांग है कि महाराष्ट्र के सभी मराठा भाइयों को आरक्षण मिलना चाहिए.

### कलेक्टरों को काम में तेजी लाने के निर्देश

जैसे मनोज जरांगे ने अपना अनशन वापस लिया तो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनका धन्यवाद किया. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह मराठा समुदाय को कानून के दायरे में रहकर आरक्षण देंगे. जरांगे ने सरकार को चेतावनी दी है कि अब दिया गया समय आखिरी है और अब बिल्कुल भी समय नहीं दिया जाएगा. इस बीच, जरांगे पाटिल ने कहा है कि भले ही जरांगे पाटिल ने अपना आमरण अनशन खत्म कर दिया है, लेकिन वह राज्य भर में क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखेंगे. अब हम देख सकते हैं कि राज्य सरकार की गतिविधियों में भी तेजी आ गई है. साथ ही यह भी देखना अहम होगा कि मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई जिलाधिकारियों की बैठक में क्या समाधान निकलेगा.

# मालाड आरपीएफ ने फिर धर दबोचा शातिर मोबाइल फोन चोर

**मालाड :** ऑपरेशन 'यात्री सुरक्षा' के तहत आए दिन आरपीएफ शातिर चोरों को अलग-अलग रेलवे स्टेशन पकड़कर उन्हें जीआरपी के हवाले कर रही है। इसी क्रम में मालाड आरपीएफ ने एक ३९ वर्षीय शातिर मोबाइल चोर धर दबोचकर उसे बोरीवली जीआरपी के हवाले कर दिया है मिली जानकारी के अनुसार, २९ अक्टूबर २०२३ को राममंदिर स्टेशन के प्लेटफार्म नं. ३ पर यात्री नाम- सचिन सुधाकर रावत (३८), को नींद लग जाने के कारण किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल (११५०० रुपये)। चोरी कर लिया गया था। चोरी के संबंध में बोरीवली जीआरपी में केस दर्ज किया गया था। उपरोक्त घटना के संबंध में आरपीएफ निरीक्षक (गायत्री पटेल) मालाड ने पोस्ट व्हाट्सएप ग्रुप पर सीसीटीवी फुटेज शेयर करवाकर फरार आरोपी को पकड़ने बाबत स्टाफ अधिकारियों को निर्देशित किया था।

# फोन हैकिंग मामला... सरकार ने एपल को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली :** इलेक्ट्रॉनिक्स और क्ळ मंत्रालय ने पत्रकारों और विपक्षी नेताओं के फोन हैकिंग से जुड़े थ्रेट नोटिफिकेशन मामले में एपल को नोटिस भेजा है। क्ळ सचिव एस कृष्णन ने कहा कि इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम मामले की जांच कर रही है। इसी हफ्ते 31 अक्टूबर को TMC सांसद महुआ मोइत्रा, कांग्रेस नेता शशि थरूर समेत विपक्षी दलों के कई लीडर्स और कुछ जर्नलिस्ट को एपल से एक नोटिफिकेशन मिला था। इसमें कहा गया- एपल को लगता है कि आपको स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। आपकी एपल क्ळ से जुड़े आईफोन को रिमोटली कॉम्प्रोमाइज करने यानी हैक करने की कोशिश की जा रही है। यदि आपका डिवाइस किसी स्टेट-स्पॉन्सर्ड अटैक से कॉम्प्रोमाइज हुआ है, तो वो आपका सेंसिटिव डेटा, कम्युनिकेशन और कैमरा और माइक्रोफोन तक एक्सेस कर सकते हैं। यह संभव है कि यह एक फॉल्स अलार्म हो, लेकिन इस चेतावनी को गंभीरता से लें।

# सहयाद्रि बिल्डिंग में आग, दो जख्मी

**महानगर नेटवर्क**



**मुंबई :** घाटकोपर पूर्व में पंतनगर स्थित स'ाद्री नगर के 11 मंजिला स'ाद्री बिल्डिंग में गुरुवार को आग लग गई। दमकल जवानों ने घटना स्थल पर पहुंचकर आग बुझाने का काम किया। दमकल जवानों की तत्परता से आग फैली नहीं और बड़ा नुकसान होने से भी टल गया। मिली जानकारी के अनुसार घाटकोपर पूर्व के पंतनगर स्थित गणपती मंदिर के पास 11 मंजिला स'ाद्री बिल्डिंग में गुरुवार को 1 बजकर 20 मिनट पर आग लग गई। आग इमारत के चौथे मंजिल स्थित कमरा नंबर 403 में लगी थी। आग की सूचना मिलते ही दमकल जवान तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। आग इस बार भी इलेक्ट्रिक वायरिंग में लगी थी। पिछले कुछ दिनों से हाई राइज इमारतों में इलेक्ट्रिक वायरिंग में शॉर्ट सर्किट हो कर आग लगने की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है।

# भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर हटाए जाएंगे स्टॉल

## मध्य रेल प्रशासन का फैसला



**मुंबई :** रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सेंट्रल रेलवे प्रशासन ने भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर लगे स्टॉलों को हटाने का फैसला किया है। सेंट्रल रेलवे पर हर दिन 40 लाख से ज्यादा लोग यात्रा करते हैं। ज्यादातर यात्री सीएसएमटी स्टेशन से हैं। उसके बाद ठाणे, कल्याण घाटकोपर, डोंबिवली, कुर्ला, पनवेल और दादर से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक है। उपनगरीय ट्रेनों में तकनीकी खराबी की स्थिति में प्लेटफार्मों पर भारी भीड़ होती है। इस दौरान प्लेटफार्मों पर स्टाल बाधा उत्पन्न करते हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रशासन इन्हें हटाने की योजना बना रहा है। कुछ दिन पहले ठाणे स्टेशन पर भीड़ का एक ऑडियो टेप सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। मध्य रेलवे के अन्य भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों पर भी यही स्थिति है। व्यस्त समय में यात्रियों को प्लेटफार्म पर पैर रखने की भी जगह नहीं मिलती है। सूत्रों ने बताया कि यात्रियों को इस असुविधा से बचाने के लिए स्टॉल हटाने का निर्णय लिया गया है। भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों से स्टॉल हटाने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि, मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवराज मानसपुरे ने कहा कि अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। दादर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 और 4 पर चार स्टॉल हैं। यह स्टॉल प्लेटफार्म की जगह घेरता है। साथ ही स्टॉल परिसर में भीड़ होने से यात्रियों को भी परेशानी होती है। इसके अलावा कुर्ला, ठाणे, कल्याण रेलवे स्टेशनों पर भी स्टॉलों ने प्लेटफॉर्म की जगह पर कब्जा कर लिया है।

# दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार घायल




**पालघर :** जिले के बोईसर-पालघर मुख्य मार्ग पर उमरोली पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल और रिक्शा के बीच टक्कर से बड़ा हादसा हो गया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी नागरिकों ने कहा कि मोटर साइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए मुंबई के वॉकहार्ट अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उमरोली पेट्रोल पंप के पास खतरनाक मोड़ होने के कारण इस स्थान पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# धोखाधड़ी मामले में व्यक्ति गिरफ्तार



**वसई :** मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच, यूनिट 3 विरार ने मीरा रोड से एक ऐसे ठग को गिरफ्तार किया हैं। जो लोगों को सस्ते दरों पर फ्लैट बिक्री के लिए उपलब्ध होने का झांसा देकर ठगी करता था। पुलिस ने तीन ठगी मामलों का पदार्फाश भी किया है। जानकारी के अनुसार नालासोपारा पुलिस स्टेशन में डेबिट हैरल पॅट्रिक साल्विन ने शिकायत दर्ज कराया कि 13 मार्च 2021 से 06 जुलाई 2021 के बीच राम सिंह देवड़ा, शुभम मिश्रा, सूरज दुबे, गौतम चौधरी और रूम मालिक पुलक दास ने नालासोपारा पश्चिम स्थित यशवन्त गौरव, क्रिस्टल प्लाजा रूम नंबर ए/708 दिखाकर कहा कि उक्त रूम पर किसी भी प्रकार का कोई ऋण नहीं है। पंजीकरण के माध्यम से उक्त रूम बेच दिया, जबकि इस रूम पर डीएचएफएल बैंकों का ऋण बकाया था। रूम का कब्जा दिए बिना चेक द्वारा कुल 17,50,000 रुपये भी ले लिए। गोपनीय मुखबिरों के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सुरज कमलेश कुमार दुबे (28) को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com